## चुनावी मोड में आया प्रशासन, प्रशिक्षण शुरू

**बदायूं, अमृत विचार:** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर प्रशासन पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुका है। मतदाता सूची का प्रकाशन करने के साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का भी चिह्निकरण कर लिया गया है। चुनाव कार्यों के लिए सेक्टर ऑफिसर्स नामित कर दिए हैं। इन सभी के लिए प्रशिक्षण दिए जाने का भी काम शुरू हो चुका है। मंगलवार को डाइट स्थित ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने अधिकारियों को चुनाव संबंधी दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी के निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया का फीडबैक लेते रहे। निर्देश दिए कि सभी अधिकारी संबंधित सूचनाओं को 25 फरवरी तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। कहा कि चुनाव कार्य में गलती माफ नहीं होगी।

# जिले की 32 ग्राम पंचायतों में आरआरसी बनाने को नहीं मिली भूमि

## जिले की 539 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर बनाने का मिला है लक्ष्य, 375 आरआरसी बनकर हो चुके तैयार, फिलहाल 132 में चल रहा है काम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस बनाया जा रहा है। ओडीएफ प्लस के तहत चिह्नित किए गए गांवों में कूड़ा प्रबंधन के लिए आरआरसी सेंटर (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) को बनाया जा रहा है। पचास प्रतिशत से अधिक ग्राम पंचायतों में काम पूरा हो चुका है। करीब दस प्रतिशत गांवों में कार्य प्रगतिशील है लेकिन छह प्रतिशत ग्राम पंचायतें ऐसी हैं। जिनमें अभी तक भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है। जिसके कारण इन गांवो में कूड़ा प्रबंधन का कार्य नहीं हो पा रहा है। भूमि उपलब्ध कराने के लिए डीपीआरओ ने संबंधित तहसीलों के एसडीएम को पत्र लिखा है, जिससे आरआरसी सेंटर का निर्माण कार्य शुरू हो सके।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में ओडीएफ प्लस के तहत 539 राजस्व गांवों को



गांव डकारा पुख्ता में तैयार आरआरसी सेंटर। ● अमृत विचार

ओडीएफ प्लस की श्रेणी में रखे गए हैं। इन ग्राम पंचायतों में सड़क, पानी, बिजली, स्वच्छता समेत कई बिंदुओं पर कार्य कराए जा रहे हैं। स्वच्छता को लेकर प्रत्येक ग्राम पंचायत में रिसोर्स रिकवरी सेंटर का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए ग्राम पंचायतों को 51 करोड़ की धनराशि भी आवंटित की जा चुकी है। कई ग्राम पंचायत में जमीन के अभाव में सेंटर का निर्माण अटका

**▸▸ भूमि उपलब्ध कराने के लिए डीपीआरओ ने एसडीएम को लिखा पत्र**

पड़ा है। जिले में 32 ग्राम पंचायतों में जमीन का अभाव है। किसी ग्राम पंचायत में जमीन की उपलब्धता नहीं है तो किसी में विवाद चल रहा है तो कहीं जरूरत के अनुसार जमीन नहीं मिल रही है। जिसकी वजह से इन ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन के लिए काम शुरू नहीं हो पा रहा है। इसके लिए पंचायती राज व राजस्व विभाग के अधिकारी जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्राचार कर रहे हैं। डीपीआरओ द्वारा जमीन उपलब्ध कराने के लिए संबंधित तहसीलों के एसडीएम को पत्र भेजा गया है।

### इन केंद्रों पर काम शुरू करने की तैयारी

जिले में अब तक 375 ग्राम पंचायतों में आरआरसी का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इनमें कूड़ा प्रबंधन का भी काम शुरू होने की तैयारी कर ली गई है। इससे ग्रामीणों में भी उत्साह है।

### रिसोर्स रिकवरी सेंटर के होंगे ये कार्य

गांवों में कूड़ा कचरा निस्तारण के लिए रिसोर्स रिकवरी सेंटर बनाए जा रहे हैं, जिससे गांव से निकलने वाले कूड़े को इकट्ठा कर ई-रिक्शा के माध्यम से इन सेंटरों पर पहुंचाया जा सकेगा। एक सेंटर के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत में 200 वर्ग मीटर जमीन की आवश्यकता रहती है।

### इन केंद्रों पर कराए गए अब तक ये काम

जिले की 375 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर का निर्माण हो चुका है। 132 गांवों में कार्य प्रगति पर है। जिन गांवों में रिसोर्स रिकवरी सेंटर बन चुके हैं। उनमें सोकफिट, खाद के गड्ढे बनाए गए हैं। कूड़ा गाड़ी खरीदी जा चुकी है। इनका संचालन शुरू होने के बाद वर्मी कंपोस्ट, जैविक खाद बनाने समेत अन्य कार्य होंगे। कूड़े से जैविक खाद भी तैयार कराई जाएगी। जिसका प्रयोग खेतों में किया जाएगा।

### जमीन पर दबंग किस्म के लोगों का कब्जा

जिन ग्राम पंचायतों में जमीन नहीं मिल रही है। उनमें से कुछ गांवों की जमीन पर गांव के दबंग किस्म के लोगों ने कब्जा जमा रखा है। किसी को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है तो किसी ने विभागीय जिम्मेदारों से सांठगांठ कर रखी है। इस वजह से प्रधान व सचिव भी रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसा होने की वजह से इन गांवों में आरआरसी सेंटर निर्माण का कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है।

### आबादी के हिसाब से भेजा गया बजट

ओडीएफ प्लस के तहत आरआसी सेंटर निर्माण कराने के लिए आबादी के अनुसार बजट जारी किया गया है। जिन राजस्व गांव की आबादी 5000 से कम है। वहां प्रति व्यक्ति 340 रुपये की धनराशि इस योजना के तहत भेजी गई है। वहीं, 5000 से अधिक आबादी वाले राजस्व गांव में प्रति व्यक्ति 760 रुपये के हिसाब से बजट सीधे ग्राम पंचायत के खाते में भेजा गया है।

### इन ब्लॉकों के गांवों में नहीं मिल रही जमीन

जिले के सभी 15 ब्लॉकों में आरआरसी सेंटर बनाए जा रहे हैं। इनमें से 32 गांव ऐसे हैं, जहां जमीन नहीं मिल रही है। इनमें ब्लॉक अंबियापुर के दो, आसफपुर के तीन, दातागंज के सात, इस्लामनगर का एक, जगत के आठ, म्याऊं के 9, सहसवान का एक और उसावां ब्लॉक के तीन गांव शामिल हैं।

> शासन से 539 गांवों में रिसोर्स रिकवरी सेंटर बनाने का लक्ष्य मिला है। इनमें से 375 में आरआरसी बनकर तैयार है, जबकि 132 में कार्य चल रहा है। 32 गांव ऐसे हैं जिनमें जमीन उपलब्ध न होने की वजह से निर्माण कार्य अटका हुआ है। इसके लिए संबंधित एसडीएम को पत्र लिखा गया है।
> –**श्रेया मिश्रा**, डीपीआरओ।

# यूपी बोर्ड : नकल माफिया पर नकेल उत्तरपुस्तिकाएं बदली तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड द्वारा नकल माफिया पर पूरी तरह से नकेल कस दी गई है। नकल रोकने के लिए जहां कक्षों में सीसीटीवी और वॉयस रिकार्डर लगाए गए हैं। वहीं, उत्तर पुस्तिकाओं पर भी नंबरिंग की गई है। हाई स्कूल की कॉपी ओएमआर शीट के साथ 12 पेज और इंटरमीडिएट की कॉपी 28 पेज की है। नकल माफिया द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं को बदलने की कोशिश की गई तो वह पकड़े जाएंगे। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

जिले में हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा कराने के लिए 99 कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। इनमें 64166 परीक्षार्थी प्रतिभाग

**▸▸ उत्तर पुस्तिकाओं पर बोर्ड ने हर पेज पर की है नंबरिंग**

**▸▸ हाईस्कूल की 12, इंटरमीडिएट की 28 पेज की हैं उत्तरपुस्तिकाएं**

> नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से ही उत्तर पुस्तिकाओं पर नंबरिंग करने के साथ ही लोगो चस्पा किया गया है। ऐसी उत्तर पुस्तिकाएं पहली बार प्रकाशित की गई हैं। परीक्षा के दौरान उत्तर पुस्तिकाओं को बदला गया तो उस कॉलेज के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
> – **डॉ प्रवेश कुमार**, डीआईओएस।

करेंगे। परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। इसके साथ ही अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक भी लगाए गए हैं। चूंकि परीक्षा नजदीक हैं। कॉलेजों में प्रवेश पत्र वितरण का कार्य शुरू हो गया है। बच्चे प्रवेश पत्र लेने के लिए कॉलेजों में पहुंच रहे हैं। वहीं, राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए संकलन केंद्र से उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया जा रहा है। हाईस्कूल के बच्चों के लिए ओएमआर शीट के साथ 12 पृष्ठ की उत्तर पुस्तिका एवं इंटरमीडिएट के बच्चों के लिए 28 पृष्ठ की उत्तर पुस्तिका का वितरण किया जा रहा है। दोनों उत्तर पुस्तिकाओं के हर पेज पर नंबरिंग की व्यवस्था की गई है। यह पहली बार होगा कि परीक्षार्थी नंबरिंग वाली कॉपियों पर प्रश्नों को हल करेंगे। इसके साथ ही हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ संख्या सात एवं इंटर की उत्तर पुस्तिका के पृष्ठ संख्या 15 पर यूपी बोर्ड का लोगो छपवाया गया है।

# पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा, गलत उत्तर देने पर कटेगा आधा अंक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए जिले में 17 केंद्र बनाए गए हैं। 17 और 18 को होने वाली परीक्षा में 34 हजार से अधिक अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से प्रश्न पत्र से संबंधित जानकारी अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई है। परीक्षा दो घंटे की होगी। इस परीक्षा में अभ्यर्थियों से कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। 300 अंकों वाली इस परीक्षा में उन्हें हर एक गलत उत्तर की कीमत आधा अंक गंवाकर चुकानी होगी। इससे बचने के लिए ही अभ्यर्थियों के लिए जानकारी बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

उत्तर प्रदेश भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के संबंध में बताते हुए डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा

**▸▸ 300 अंकों की होगी पुलिस भर्ती परीक्षा, परीक्षा में पूछे जाएंगे डेढ़ सौ प्रश्न**

**▸▸ उप्र. पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से प्रश्न संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई**

में निगेटिव मार्किंग रहेगी। एक से अधिक उत्तरों पर गोला लगाने वाले अभ्यर्थियों को उस प्रश्न के लिए भी ऋणात्मक अंक दिए जाएंगे। वस्तुनिष्ठ आधार पर होने वाली लिखित परीक्षा में हर प्रश्न के उत्तर के रूप में 4 विकल्प दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों को केवल एक ही सही उत्तर पर निशान लगाना है। बताया कि ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन (ओएमआर) शीट भरते समय अभ्यर्थियों के लिए इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि किसी भी सवाल के जवाब में दो गोले नहीं भरे जाएं। अगर किसी अभ्यर्थी ने एक से अधिक विकल्पों को ओएमआर शीट पर भरा तो वह उत्तर गलत मानते हुए नेगेटिव मार्किंग की जाएगी। हर एक गलत जवाब पर अभ्यर्थियों का आधा अंक काट लिया जाएगा। ऐसे में दो गलत उत्तर होने पर 1 अंक काट लिया जाएगा। बताया कि ओएमआर शीट केवल नीले या काले बाल पेन से ही अभ्यर्थियों के लिए भरना है। हिंदी विषय को छोड़कर अन्य सभी विषयों के सभी प्रश्न पत्र हिंदी और अंग्रेजी भाषा में होंगे। किसी भी संशय की स्थिति में अंग्रेजी रूपांतर को मान्य माना जाएगा। डीआईओएस ने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए बहुत ही सावधानी के साथ ही परीक्षा में सवालों के जवाब देने हैं।

### पुलिस भर्ती परीक्षा: केंद्रों पर सात सेक्टर और 22 स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहेंगे तैनात


**बदायूं।** आगामी दिनों में होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में केंद्रों पर सात सेक्टर और 22 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे। केंद्रों के आस पास फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मंगलवार को डाइट स्थित ऑडिटोरियम में हुई ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी मनोज कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी अधिकारियों को परीक्षा सकुशल संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए। संबंध में ब्रीफिंग डाइट स्थित ऑडिटोरियम में संपन्न हुई जनपद में 17 एवं 18 को पुलिस भर्ती परीक्षा कराई जाएगी। इसमें 8660 परीक्षार्थी प्रति पाली में बैठेंगे। जनपद में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। इन केंद्रों पर सात सेक्टर मजिस्ट्रेट, 22 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इसके अलावा उड़न दस्ता टीमें भी लगाई गई हैं। डीएम ने अधिकारियों को आदेश दिए कि वह परीक्षा केन्द्रों सीसीटीवी कैमरा, फ्लेरिस्टिंग, परीक्षार्थियों की फोटोग्राफी आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लें। परीक्षा केंद्रों में पेयजल प्रकाश व्यवस्था फर्नीचर परीक्षार्थियों के बैग आदि इलेक्ट्रॉनिक सामान रखने की व्यवस्था अलग से कराई जाए। वाहनों के लिए रेलवे तथा परिवहन विभाग व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि प्रश्न पत्र लाने एवं ले जाने के लिए सतर्कता बरतें। एसएसपी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों केंद्र व्यवस्थापकों एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है।

**▸▸ परीक्षा केंद्रों के बाहर फोटो स्टेट की दुकानें रहेंगी बंद**

**▸▸ डीएम ने परीक्षा को सकुशल कराने को दिए निर्देश**






शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# दिल्ली रवाना होने पर रोका तो पुलिस से भिड़े किसान

## किसानों से हुई पुलिस की नोकझोंक, सिलहरी पर की पंचायत, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को किसान ट्रैक्टर ट्राली के साथ दिल्ली को रवाना हुए तो जिले की पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने किसानों को रोका तो किसानों से नोकझोंक हो गयी। किसान जब जबरन आगे बढ़े तो पुलिस ने घेराबंदी का उन्हें रोक लिया, जिसके बाद किसान वहीं पर तिरपाल बिछा कर बैठ गए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने वहीं पर खाना बनाया और खाया। अधिकारियों के काफी समझाने के बाद किसान मान गए और फिर घरों को लौट गए।

उत्तर प्रदेश संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष केपीएस के नेतृत्व में सोमवार को सैकड़ों किसान अपने अपने ट्रैक्टरों के साथ सिलहरी गांव से दिल्ली को रवाना हुए। किसानों ने ट्रैक्टर ट्राली में खाने का सामान, लिहाफ गद्दे और अन्य सामान भी लाद लिया। किसान ट्रैक्टरों पर सवार हुए तो पहले से तैयार पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आनन फानन में दर्जनों पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मुरादाबाद रोड पर किसानों के ट्रैक्टर रोकने का प्रयास किया। जिला अध्यक्ष केपीएस राठौर से पुलिस अधिकारी की नोकझोंक भी हो गयी। पुलिस के मना करने के बाद भी भाकियू कार्यकर्ता आगे निकल गए जिसके बाद और पुलिस बल को मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने सिलहरी बाजार के पास फिर किसानों को घेर लिया। और आगे न बढ़ने की नसीहत दे डाली। इसी बात पर जिलाध्यक्ष केपी एस राठौर ने बाजार की जगह पर ही तिरपाल बिछा कर पंचायत लगा दी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी करने से आसपास के गांव के किसान भी मौके पर पहुंच गए।


पुलिस अधिकारी से बातचीत करते जिला ध्यक्ष केपी एस राठौर।


नजरबंद किए गए भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### हाउस अरेस्ट किए गए किसान यूनियन के पदाधिकारी

बदायूं। गाजीपुर बॉर्डर रवाना होने से पूर्व ही भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला अध्यक्ष परवेज आलम सहित कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिला प्रशासन द्वारा हाउस घर में ही नजर बंद कर लिया गया। जिला अध्यक्ष परवेज आलम ने कहा कि भले ही जिला प्रशासन ने हमें नजर बंद कर दिया है लेकिन किसानों के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी।

### मांगों को लेकर की नारेबाजी

पंचायत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक एमएसपी लागू नहीं की है जिससे किसानों की फसलों के दाम नहीं मिल पा रहे हैं। कर्जमाफी पर भी सरकार ने अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है। सैकड़ों किसान कर्ज से परेशान हैं। सरकार ने अभी तक स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू नहीं की है। किसानों को महंगाई से परेशानी हो रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अब सरकार के झूठे वादों पर किसान यकीन नही करेगा। आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। आंदोलन के लिए ही किसान दिल्ली को जा रहे थे। सरकार के आदेश के चलते किसानों को दिल्ली नहीं जाने दिया जा रहा है। फिर भी किसान चुप नहीं बैठेंगे। आगे की लड़ाई के लिए रणनीति बनायी जाएगी। किसानों के ट्यूबवेल के बिल सरकार ने माफ कर दिए हैं फिर भी बिजली विभाग किसानों से बिल वसूल रहा है। इसके बाद किसानों ने यहीं पर खाना बनाया। पुलिस अधिकारियों के साथ बैठकर खाना खाया। उसके बाद अपने घरों को लौट गए। इस मौके पर प्रताप सिंह, हरीश सिंह, बिशेष पटेल, कालू, हरबंस पटेल, रि. सब इंस्पेक्टर हवलदार खान, भगवान दास, प्रशांत पटेल, महेंद्र सिंह, द्वारिकी सिंह, हवलदार सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य तारिक मसूदी, मोहम्मद मोइन, शिव पाल यादव, सत्यपाल यादव, सुशांत सिंह, कमल गुप्ता आदि रहे।

▸▸ खाना बनाया, खाया, अधिकारियों के समझाने पर लौटे किसान

# विद्युत दफ्तर का घेराव 21 को


मालवीय आवास गृह पर धरना देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ बिजली कनेक्शन काटने को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने प्रदर्शन कर किया ऐलान

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन कर किसानों के बिजली कनेक्शन काटने को लेकर रोष प्रकट किया। साथ ही सहकारी ग्राम विकास बैंक द्वारा किसानों के साथ की जा रही वसूली पर अनिश्चितकालीन धरना चलाए जाने तथा 21 फरवरी को विद्युत विभाग का घेराव करने का निर्णय लिया गया।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने मालवीय आवास गृह पर धरना दिया गया। पंचायत में मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा कि विद्युत विभाग किसानों के साथ अन्याय कर रहा है। बकाया बिल को लेकर ट्यूबवेल के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। किसानों से अवैध वसूली की जा रही है। इसी समस्या को लेकर भाकियू ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। सहकारी ग्राम विकास बैंक की वसूली के कारण किसान परेशान हैं। इन समस्याओं को लेकर 21 को विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना, भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंखधार ने कहा कि अब बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बिसौली ब्लाक अध्यक्ष योगेश सिंह यादव, राशिद अब्बासी आदि ने धरने पर डटे रहे।

## एक नजर

### लोहिया वाहिनी से राहुल यादव ने दिया इस्तीफा



बिसौली। सपा में की नवीन नियुक्तियों को लेकर युवा कार्यकर्ता अपने पदों से इस्तीफा देकर रोष आक्रोश जता रहे हैं। लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त जिला सचिव राहुल यादव भीष्म ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। हालांकि राहुल यादव ने प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल को प्रेषित त्यागपत्र में निजी व्यस्तता दर्शाई है लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर संगठन की नवीन नियुक्तियों को लेकर नाराजगी प्रकट की है।

# सड़क पर शव रख किया प्रदर्शन, तब कार्रवाई को लेकर मिला आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ ससुरालीजनों के विदा न करने पर महिला ने 11 फरवरी को खाया था विषाक्त पदार्थ

▸▸ इलाज के दौरान हुई मौत, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, स्पष्ट नहीं हो सका मौत का कारण

**अमृत विचार :** ससुराल पक्ष ने महिला को विदा करने से मना कर दिया, जिससे परेशान होकर महिला ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मायका पक्ष की मांग पर पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। मायका पक्ष पोस्टमार्टम हाउस से शव लेकर गया। रास्ते में मायका पक्ष ने ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर कचहरी तिराहे पर शव रखकर प्रदर्शन किया। जाम की सूचना पर सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक पहुंचे। उनके समझाने के बाद मायका पक्ष शांत हुआ।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव भीमपुर दोस्तपुर निवासी पोपीराम ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी कृष्णा की शादी लगभग चार साल पहले कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव रघुवर नगला निवासी राजेंद्र के साथ की थी। वह 11 फरवरी को बेटी को बुलाने के लिए रघुवर नगला गए थे। ससुरालीजनों ने बेटी को विदा करने से मना कर दिया था। वह वापस चले आए थे। कुछ देर के बाद सूचना मिली कि कृष्णा की हालत बिगड़ गई है। ससुरालीजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां सोमवार को कृष्णा की मौत हो गई। पोपीराम ने बिल्सी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। जिसके चलते विसरा प्रिजर्व किया गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव को वाहन से ले जा रहे था। कलेक्ट्रेट तिराहे पर मायका पक्ष ने शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। चौकी इंचार्ज बलवीर सिंह ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।लगभग 20 मिनट के बाद यातायात दुरुस्त हो सका। पुलिस ने दोनों पक्ष को चौकी ले जाकर बात की। सूचना मिलने पर बिल्सी के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह आ गए। उन्होंने ससुरालीजनों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर मायका पक्ष शांत हुआ और शव ले गया।

# हल्दी की रस्म में गया परिवार, चोरों ने घर को बनाया निशाना

**बदायूं,अमृत विचार :** परिवार के लोग एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। चोरों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। थाना जरीफनगर क्षेत्र के कस्बा दहगवां के वार्ड आठ निवासी विनोद गुप्ता के भाई ब्रजेश गुप्ता की बेटी भारती की बुधवार को बरात आनी है। मंगलवार को हल्दी की रस्म हुई। विनोद गुप्ता अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में गए थे। दोपहर में चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ा। आभूषण चोरी कर लिए। विनोद गुप्ता दोपहर लगभग चार बजे किसी काम से घर आए तो सामान फैला पड़ा था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बताया कि चोर उनके घर से सोने का एक हार, आठ अंगूठी, पांच जोड़ी कुंडल, एक लॉकेट और एक चेन चोरी करके ले गए हैं। उन्होंने तहरीर देकर खुलासे की मांग की है।

# पिता बेटी या बेटी पिता के साथ, टिकट की घोषणा का इंतजार

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं

▸▸ स्वामी प्रसाद ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दिया

▸▸ सपा से पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव का टिकट हुआ घोषित

▸▸ पिता के काफिले पर हुआ हमला तो बेटी ने दिया था साथ, अब पिता के सामने हो सकता है संकट

**अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा के लिए सपा ने पत्ता खोल दिया है। पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं, सबसे बड़ा संकट भाजपा से वर्तमान सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य और उनके पिता स्वामी प्रसाद मौर्य के बीच है कि लोकसभा चुनाव में बेटी पिता या पिता बेटी के साथ जाएंगे। सभी को टिकट की घोषणा का बेसब्री से इंतजार है। मंगलवार की शाम स्वामी प्रसाद मौर्य ने राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसके बाद तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मंगलवार की शाम तक रहे सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी डॉ. संघमित्रा भाजपा से बदायूं की सांसद हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने वर्ष 2022 में कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हुए थे।


स्वामी प्रसाद मौर्य।


डॉ. संघमित्रा मौर्य, बदायूं सांसद।

जिसे बड़ा सियासी झटका माना जा रहा था। फिर उन्होंने कुशीनगर की फाजिलनगर सीट से चुनाव लड़ा। चुनावी रैली के दौरान उनके काफिले पर हमला हुआ तो बेटी बदायूं सांसद भी वहां पहुंच गईं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर हमला करने का आरोप लगाते हुए सपा प्रत्याशी पिता को जिताने की अपील की थीं। उन्हें भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र कुशवाह से हार मिली थी। पिता को जरूरत हुई थी तो बेटी फाजिलनगर पहुंचीं थीं। अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सपा से धर्मेंद्र यादव चुनाव मैदान में हैं। जनसभाएं भी होंगी, जिनमें स्वामी प्रसाद मौर्य को बुलाया जा सकता है। अगर भाजपा बदायूं लोकसभा सीट से डॉ. संघमित्रा मौर्य को टिकट देती है तो स्वामी प्रसाद मौर्य उनके खिलाफ सपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान करेंगे। ऐसे में पिता और बेटी के बीच धर्म संकट है। मंगलवार को स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफा देने के बाद से उनके भाजपा में शामिल होने जैसे चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### बदायूं लोकसभा से उतर सकता है बड़ा चेहरा

भाजपा अक्सर नए चेहरे सामने लाकर चौका देती है। साल 2019 में लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इलाहाबाद निवासी डॉ. संघमित्रा मौर्य को उतारा था। जिन्होंने 18 हजार 454 वोट से सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव पर जीत हासिल की थीं। बताया जा रहा है कि भाजपा प्रदेश स्तर के बड़े चेहरे को प्रत्याशी बना सकती है। जिनके समर्थन में प्रधानमंत्री की जनसभा हो सकती है।

### स्वामी भाजपा या संघमित्रा सपा में ?

स्वामी प्रसाद मौर्य सपा और डॉ. संघमित्रा भाजपा में हैं। अगर डॉ. संघमित्रा मौर्य का भाजपा से टिकट नहीं होता है तो वह हो सकता है सपा में चली जाएं या बेटी के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा ज्वाइन कर लें ? अभी सभी के पास सवाल हैं लेकिन जवाब नहीं। फिलहाल यह राजनीति है। पल-पल में बदलाव होते हैं।

### आंवला लोकसभा सीट को लेकर कशमकश

आंवला लोकसभा में बदायूं की दो विधानसभा दातागंज और शेखूपुर शामिल हैं। इस लोकसभा में लंबे समय से सपा हारती आई है। सपा जिताऊ प्रत्याशी की तलाश में है। सपा के राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा भी सपा से आंवला सीट से टिकट मांग रहे हैं।

# थानों के चार्ज से हटाए दो निरीक्षक, तीन को मिला चार्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ सोमवार देर शाम एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बदले कार्यक्षेत्र

**अमृत विचार :** कानून व्यवस्था और दुरुस्त करने के लिए पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्रों में लगातार बदलाव किए जा रहे हैं। पिछले सप्ताह सौ से ज्यादा सिपाहियों के थाने बदले गए थे। अब एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने सोमवार देर शाम पांच इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसमें तीन थाना प्रभारियों के थाने बदले गए और दो प्रभारियों से थानों का चार्ज ले लिया गया है।

थाना जरीफनगर के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार को वजीरगंज का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है जबकि वजीरगंज के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह से चार्ज वापस लेते हुए अपराध शाखा भेजा गया है। मूसाझाग थाने के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह से भी थाने का चार्ज वापस लेकर अंगुलि चिह्न इकाई का जनपद प्रभारी बनाकर भेजा गया है। यूपी 112 के प्रभारी मनोज कुमार मूसाझाग थाने के प्रभारी बनाए गए हैं जबकि उनकी जगह पर अंगुलि चिह्न इकाई के प्रभारी देवेंद्र कुमार यूपी 112 के प्रभारी बनाए गए। इनके अलावा थाना इस्लामनगर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक रवि करन सिंह को जरीफनगर का थानाध्यक्ष बनाकर भेजा गया है।

# बुध बाजार व शनिवार बाजार ठेकों की हुई नीलामी

**बिसौली, अमृत विचार :** नगरपालिका के विभिन्न ठेकों की नीलामी नायब तहसीलदार सृजन कुमार यादव व चेयरमैन अबरार अहमद के नेतृत्व में हुई। शनिवार बाजार का ठेका इस बार चार लाख चार हजार रुपये में हुआ है। जबकि बुध बाजार का ठेका तीन लाख अस्सी हजार रुपये का हुआ है। होर्डिंग फ्लेक्सी के ठेके की अंतिम बोली 69 हजार रुपयेलगाई गई। दुकानों की नीलामी के लिए किसी व्यक्ति के उपस्थित न होने से बोली नहीं लग सकी। चेयरमैन अबरार अहमद ने कहा कि इस बार भी ठेकों की नीलामी निष्पक्ष तरीके से की गई है। नीलामी के दौरान ईओ शैलेन्द्र सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, राजस्व निरीक्षक राजीव, विकास आदि रहे।

# इस्लामनगर के नाले में मिला शादी में आए चंदौसी के युवक का शव

संवाददाता, इस्लामनगर

▸▸ दुबई में नौकरी करता था युवक 15 दिन पहले ही आया था वापस

▸▸ सोमवार को अपने रिश्तेदार के यहां आए थे, रात में हो गए थे लापता

**अमृत विचार :** शादी समारोह में आए चंदौसी निवासी युवक का शव नाले में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। युवक की जेब से मिले दस्तावेज से उसकी पहचान हुई। सूचना पर युवक के परिजन विलाप करते पहुंचे गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिला संभल के थाना चंदौसी क्षेत्र के संभल गेट निवासी शमी पुत्र मजीद सैफी दुबई में काम करते थे। 15 दिन पहले ही दुबई से वापस आया था। सोमवार को अपनी रिश्तेदार इस्लामनगर में बिसौली मार्ग निवासी शौकत अली की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए आए थे। अली मैरिज हॉल में कार्यक्रम था। सब कुछ ठीक चल रहा था। अचानक रात में वह लापता हो गए। परिजनों ने देर रात तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह मोहल्ला जमुनी के लोग काम से घरों से बाहर निकले तो मोहल्ला ढहरिया के नाले में एक शव उतराता दिखा। तभी आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची।

बिल्सी सीओ भी मौके पर आ गए। पुलिस ने शव नाले से बाहर निकलवाया। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से शिनाख्त हुई। परिजनों को अवगत कराया। परिजन पहुंचे। शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें पानी में डूबने की वजह से मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो वह लड़खड़ाकर जाता नजर आया है। इस्लामनगर के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि एक युवक नशे की हालत में नाले में गिर गया था। डूबने से उसकी मौत हो गई।

## सार-संक्षेप

### सरला चक्रवर्ती को बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड



**बदायूं।** मेरठ में प्रकृति फाउंडेशन के तत्वावधान में बेस्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर सरला देवी चक्रवर्ती की प्रथम पुस्तक ''नारी नयी सदी की'' का विमोचन किया किया। साथ ही उन्हें बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। पुस्तक का विमोचन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित प्रोफेसर मीना यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बदायूं जनपद की वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर ममता नौगरिया, दिल्ली के प्रख्यात चित्रकार सुरेश पाल वर्मा ''जसाला,'' प्रकृति फाउंडेशन के फाउंडर व सचिव मुकेश नादान, डॉ निरुपमा वर्मा के संयुक्त भी मौजूद रहीं। पुस्तक के बारे में बताते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर ने बताया कि यह पुस्तक वर्तमान परिप्रेक्ष्य में नारी जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाती है।

### सड़क किनारे खड़े टेंपो के पहिया और बैट्री चोरी

**कुंवरगांव।** चार दिन पहले बाइक और टेंपो में हुई भिड़ंत में महिला की मौत के बाद सड़क किनारे क्षतिग्रस्त खड़े टेंपो के पहिया और बैटरी चोरी कर लिए गए। जिसकी पुलिस को भनक तक नही लगी। थाना सिविल क्षेत्र के बिसौली रोड भगवतीपुर के पास शनिवार देर शाम टेंपो और बाइक की भिड़ंत में टैंपो सवार गांव बाबट निवासी महिला शकुंतला की मौत हो गई थी। टेंपो क्षतिग्रस्त होने के उपरांत पुलिस ने टैंपो को भट्ठे के पास खड़ा करवा दिया था। सोमवार की रात चोर टेंपो के पहिया और बैट्री चोरी करके ले गए। पुलिस को भनक तक नहीं लगी है। नवादा चौकी प्रभारी सुपेंद्र मलिक का कहना है कि टेंपो क्षतिग्रस्त होने पर भट्ठे पर खड़ा करा दिया था। चोरी की जानकारी की जा रही है।

### घनी आबादी के बीच महिला के कुंडल खीचें

**बिल्सी।** मंगलवार दोपहर बिल्सी में घनी आबादी के बीच स्कूल से अपने बच्चों को लेकर घर लौट रही एक महिला के कानों से सोने के कुंडल खींचकर एक उचक्का भाग गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। दिनदहाड़े घटना से महिलाओं में दहशत है। नगर बिल्सी के मोहल्ला एक निवासी सुमन माहेश्वरी पत्नी भुवनेश माहेश्वरी दोपहर के लगभग दो बजे अपने नाती-नातिन को स्कूल से बुलाकर घर को लौट रही थी। आशा नर्सिंग होम की गली में मुड़ी थी। इसी दौरान एक उचक्का उनके पीछे से आते ही उनके कानों के कुंडल को खींचा। सोने का एक कुंडल लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि उनके कुंडल की कीमत वर्तमान में करीब दस हजार रुपये से अधिक होगी। जैसे ही इस घटना के बारे उनके पति शुवनेश को मिली तो उन्होने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

### ई-रिक्शा चालक की हत्यारोपी पर 25 हजार का ईनाम

**बदायूं।** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव सगराय निवासी सत्यवीर चार फरवरी को ई-रिक्शा लेकर गए थे। जिसके बाद वह लापता हो गए थे। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शनिवार को खंती में उसका ई-रिक्शा मिला। रविवार को सत्यवीर का निर्माणाधीन मकान में शव मिला। प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह ने घटना का खुलासा किया। नशेड़ी किस्म के दो लोगों ने ई-रिक्शा चालक की हत्या की थी। पुलिस ने सहसवान क्षेत्र के मोहल्ला रुस्तम टोला निवासी इकबाल उर्फ इकबालुद्दीन पुत्र शमीमउद्दीन को पकड़ लिया जबकि दूसरा आरोपी कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव खैरी निवासी गौरव माहेश्वरी फरार चल रहा था। पुलिस ने फरार आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

# गोदाम में आग से मची अफरा-तफरी


आग बुझाने का प्रयास करता गोदाम स्वामी।


आगजनी के स्थान लगी भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

▸▸ गोदाम का शटर तोड़कर आग बुझाने का किया प्रयास, हालत हुए बेकाबू

▸▸ फायर बिग्रेड ने मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू, लाखों का नुकसान

**अमृत विचार :** चंदौसी - आसफपुर मार्ग स्थित एक गोदाम में अचानक आग लग गई। इसमें रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा औरछी चौराहे के नजदीक आरसी फूड के सामने नमकीन का गोदाम है। मंगलवार की शाम करीब पांच बजे गोदाम में आग की लपटें उठने लगी। सूचना पर पहुंचे गोदाम स्वामी ने पहले स्वयं ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन उनका प्रयास सफल नहीं हो सका। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंच कर एक घंटे के बाद आग बुझाने में सफलता प्राप्त की। तब तक उसमें रखा सारा सामान जल चुका था। इस दौरान हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। इसके बाद भी घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंचीं। काफी देर बाद जाम में फंसे वाहन निकल सके। इधर, आगजनी की घटना के दौरान लोगों की भीड़ जुट गई लेकिन कोई सहायता के लिए आगे नहीं आया। लो

# योजनाओं से देश का गौरव बढ़ा रही सरकार : प्रभारी मंत्री

**बदायूं,अमृत विचार:** भाजपा का डाइट स्थित ऑडिटोरियम में शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रभारी मंत्री गुलाबो देवी मुख्य अतिथि रहीं। उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समूह की महिलाओं को केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें सम्मानित भी किया गया। प्रभारी मंत्री देवी ने कहा कि महिलाओं के बिना जीवन संभव नहीं है। महिलाएं जन्म से लेकर बुढ़ापे तक संघर्ष करती हैं। प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति को मजबूत बनाने का कार्य किया है। जनकल्याणकारी योजनाओं से देश का गौरव बढ़ा है। सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य, सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया।

# मरीज का पर्चा फेंका ओपीडी से बाहर किया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में महिला चिकित्सक ने महिला मरीज का पर्चा फेंक दिया और उसे जबरन ओपीडी से बाहर निकाल दिया। पीड़ित महिला ने इस मामले की अधिकारियों से शिकायत की है।

जिला महिला अस्पताल में महिला चिकित्सकों की प्रत्येक दिन शिकायतें मिलती हैं। मंगलवार को शहर के कल्याण नगर निवासी महिला पिंकी ने अधिकारियों को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि आठ दिन पूर्व उसे प्रसव हुआ था तभी से उसकी तबीयत ठीक नहीं है। पिंकी ने बताया कि मंगलवार को वह महिला जिला अस्पताल पहुंची, जहां महिला चिकित्सक डा. नाजिया को उसने अपना पर्चा दिया। पर्चा देखते ही महिला चिकित्सक ने उसका पर्चा फेंक दिया और बाहर निकल जाने को कहा। महिला चिकित्सक ने महिला मरीज को ओपीडी से बाहर निकाल दिया। महिला रोती हुई बाहर आ गयी। उसने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

> महिला ने चिकित्सक के साथ गलत ढंग से बात की जिस पर चिकित्सक को गुस्सा आ गया। तभी उसने देखने से मना कर दिया। कुछ मरीज दबंगई के साथ इलाज कराना चाहते हैं, जो महिला चिकित्सकों को पसंद नहीं है इसलिए महिला मरीज को नहीं देखा गया। इसमें चिकित्सक की कोई गलती नहीं है।
> – डॉ. इंदु कांत वर्मा – सीएमएस।

## शहर में आज

- जिले के परीक्षा केंद्रों पर मदरसा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल एवं फाजिल की परीक्षाएं सुबह आठ बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा निकाली जा रही न्याय यात्रा की बैठक शहर के सोरों गेट स्थित बीएबी कार्यालय पर सुबह 11 बजे से।
- विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से।
- वसंत पंचमी शोभायात्रा का आरंभ कस्बा पटियाली के गोपाल मंदिर से दोपहर 12 बजे।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।

### 28 वर्षीय युवक लापता गुमशुदगी दर्ज

**जलेसर।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला गोदी मुडई प्रहलाद नगर निवासी मोहर सिंह पुत्र रामवीर सिंह उम्र 28 वर्ष बीते 2 दिन से जलेसर जाने की बात कह कर आया था पारिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। गुमशुदा का रंग सांवला, लंबा चेहरा, लंबाई 6 फुट है। वह नीली जींस, काली शर्ट पहने हुए हैं।

# 25 परीक्षा केंद्रों पर 12264 अभ्यर्थी देंगे उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा

## दो दिन दो-दो पालियों में होने वाली परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं डीएम सुधा वर्मा साथ में एएसपी जितेंद्र कुमार दुबे।

**17** और 18 फरवरी को होगी परीक्षा
**02** पालियों में कराई जाएगी परीक्षा
**03** जोन व 8 सेक्टर में बांटे गए परीक्षा केंद्र

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए डीएम ने पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ व्यवस्थित ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए।

जिले में 17 एवं 18 फरवरी को 25 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा होगी। दो पालियों में सुबह 10 से 12 एवं शाम तीन से पांच बजे तक होने वाली परीक्षा में 12264 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिला प्रशासन एवं पुलिस नोडल विभाग द्वारा परीक्षा केंद्रों को तीन जोन एवं आठ सेक्टर में बांटा गया है। सभी परीक्षा केंद्रों के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिससे परीक्षा सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जा सके। एडीएम राकेश कुमार पटेल द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा की परीक्षा के दिनों में परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई भी फोटो स्टेट की दुकान नहीं खुलेंगी। केंद्र के आसपास के कोचिंग सेंटर भी प्रतिबंधित रहेंगे। आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा। परीक्षा को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न कराया जाएगा।

नोडल अधिकारी एएसपी जितेंद्र कुमार दुबे ने परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था संबंधी सभी आवश्यक जानकारियां दीं। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक निर्देश देकर परीक्षा संबंधी तैयारी करने को कहा। डॉ. जयंत कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी 25 परीक्षा केंद्रों पर सेंटर इंचार्ज एवं आठ रूटों पर आठ रूट मैनेजर सहित एक ट्रांसपोर्ट मैनेजर भी नियुक्त किया गया है। ताकि अभ्यर्थियों को किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। प्रश्न पत्र एवं परीक्षा संबंधी आवश्यक सामग्री समय से पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यदायी संस्था के इंचार्ज अपूर्व भारद्वाज ने बताया के परीक्षा के दिन स्कैनिंग, फ्रस्किंग का कार्य गेट पर ही किया जाएगा, वहीं बायोमेट्रिक मशीन द्वारा परीक्षार्थियों की उपस्थिति भी दर्ज होगी। एसडीएम संजीव कुमार, एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह, एसडीएम सहावर पीएन सिंह, सीओ सदर अजीत चौहान, एआरटीओ आरपी मिश्र, ईडीएम अंशुल माहेश्वरी सहित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र प्रभारी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत भाई घायल

**कासगंज, अमृत विचार:** पटियाली के दरियावगंज और बगराई के समीप बाइक सवार दो भाइयों को कैंटर ने टक्कर मार दी, जिससे एक की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए अलीगढ़ भेजा गया है। जबकि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में पुलिस जांच कर रही है। गांव बगराई निवासी हरभान सिंह अपने भाई संजय के साथ भाई द्वारा मंगलवार की दोपहर को दरियावगंज से गांव वापस जा रहे थे। दरियावगंज-बगराई के बीच रास्ते में बाइक सवार दोनों भाइयों को कैंटर ने रौंद दिया। पुलिस दोनों को जिला अस्पताल ले गई। हरिभान को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पटियाली के कोतवाली प्रभारी गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि घटना में एक युवक की मौत हुई है और एक घायल हुआ है।


मृतक हरभान सिंह।

# अराजक तत्वों को चिह्नित करके रखें पैनी नजर


तीर्थ नगरी सोरों में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करती एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**▸▸ एसपी ने पुलिस बल के साथ तीर्थ नगरी सोरों में किया पैदल मार्च**

**अमृत विचार :** एसपी ने मंगलवार की शाम तीर्थनगरी सोरों के मुख्य बाजारों में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिए। साथ ही अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखने को कहा।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक तीर्थ नगरी सोरों में अचानक बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था परखने के उद्देश्य से पैदल निकलीं। एसपी ने तीर्थ नगरी के मुख्य बाजारों, चौराहों, तिराहों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की। एसपी ने निर्देशन में अधीनस्थों के द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की गई। एसपी ने सीओ को निर्देश दिए कि अराजक तत्वों को चिह्नित कर पैनी नजर रखें। अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें। कई दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खराब मिलने पर कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण विषय है। खराब कैमरों को दुरुस्त कराकर इन्हें चालू करें। सीओ अजीत चौहान, इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद रहा।

# आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की हालत में नहीं सुधार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**▸▸ पांच दिन पहले अमांपुर थाने के शौचालय में फंदा लगाकर जान देने का किया था प्रयास**

**▸▸ मामले को लेकर बनी हुई है संवेदनशीलता, बसपा नेता के साथ एसपी से मिले परिजन**

**अमृत विचार:** अमांपुर थाने में किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी द्वारा आत्महत्या के प्रयास के मामले में जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। अभी भी संवेदनशीलता बनी हुई है। गांव में तनाव का माहौल है। अलीगढ़ में उपचार के लिए भर्ती युवक की हालत में सुधार नहीं हुआ है। इसको लेकर परिजन चिंतित हैं। बसपा नेताओं के साथ परिजनों ने मंगलवार को एसपी से मुलाकात की, लेकिन एसपी ने चिकित्सकों द्वारा किए जाने परीक्षण का हवाला देते हुए कहा कि वह स्वयं निगरानी कर रही हैं।

अमांपुर थाने में गांव सुलहपुर के युवा गौरव कुमार पुत्र रघुराज सिंह ने शौचालय में फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। गौरव पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप है। किशोरी भी बरामद हो गई।

गौरव को पुलिस द्वारा उपचार के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पांच दिन बाद भी उसकी हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। परिजन चिंतित दिखाई दे रहे हैं। परिजनों का कहना है कि बेटे को कहीं और जगह बेहतर उपचार के लिए भर्ती कराया जाए। इसी मांग को लेकर गौरव के पिता रघुराज सिंह बसपा जिला अध्यक्ष डीपी सिंह राणा के साथ मंगलवार को एसपी से मिले। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि युवक की हालत की हर पल जानकारी ले रही हैं। चिकित्सक जो कहेंगे उसे तो मानना ही पड़ेगा।

> मामले में जांच चल रही है। युवक के परिजन मुझसे मिले थे। युवक की हालात पर ध्यान दिया जा रहा है। चिकित्सकों से लगातार संपर्क में है।
> – अपर्णा रजत कौशिक, एसपी

> युवक के पिता हमारे साथ एसपी से मिलने पहुंचे। एसपी को पूरी बात बताई, लेकिन क्या कर सकते हैं। जो चिकित्सक कहेंगे वही मानना पड़ेगा।
> –डीपी राना, जिलाध्यक्ष बसपा

# सड़क दुर्घटना में गाय की मौत

**सोरोंजी, अमृत विचार :** शाहपुरमाफी के पास गर्भवती गाय नगरिया मार्ग पर सड़क किनारे जा रही थी। तभी कुछ लोगों ने गाय को जबरदस्ती ऑटो लोडर में चढ़ाने की कोशिश की। गाय बचने के लिए भागने लगी। तभी सामने से आ रही कार से गाय की टक्कर हो गई, गाय की मौके पर मौत हो गई।

गाय की मौत की सूचना मिलने पर बजरंग दल कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने पुलिस से गाय की मौत के जिम्मेदार आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। मांग करने वालों में गोविंद महेरे नगर सयोंजक बजरंग दल, राजेंद्र मौर्य नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, विपिन महेरे, सुधांशु भारद्वाज, यश महेरे, कुलदीप महेश्वरी, आकाश गोस्वामी, सुधांशु महेरे, उत्कर्ष पाराशर प्रमुख हैं। प्रभारी निरीक्षक भोजराज अवस्थी ने बताया कि घटना इत्तफाकिया है।

# विधानसभा मिलन समारोह में जुटे भाजपाई पूर्व चेयरमैन सहित कई ने की घर वापसी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


कासगंज विधानसभा मिलन समारोह में सांसद राजवीर सिंह, एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी के समक्ष घर वापसी करती पूर्व चेयरमैन डॉ. शशिलता चौहान।

**▸▸ नगर निकाय चुनाव के दौरान टिकट न मिलने से नाराज डॉ. शशि ने पार्टी में फिर जताई आस्था**

**▸▸ बहाल की गई सदस्यता, अन्य कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में वापस लौटकर जताई खुशी**

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भारतीय जनता पार्टी कोई भी कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती। बेगानों को अपना मनाने की बात हो या रूठों को मनाना, पार्टी हर स्तर पर योजना तैयार रही है। अब कासगंज में हुए विधानसभा मिलन समारोह में पूर्व चेयरमैन डॉ. शशिलता चौहान अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुईं हैं। नगर निकाय चुनाव के दौरान रद्द की गई उनकी सदस्यता अब बहाल हो गई है। इसको लेकर वह खुश दिखाई दीं।

भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा मिलन समारोह के अंतर्गत कासगंज विधानसभा क्षेत्र में सांसद राजवीर सिंह, एमएलसी. रजनीकांत महेश्वरी, जिलाध्यक्ष केपी सिंह, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत की उपस्थिति में ब्रज वाटिका पर पूर्व चेयरमैन डॉ. शशिलता चौहान ने भारतीय जनता पार्टी में वापसी की है। उनकी सदस्यता बहाल हुई है। सोरों के पूर्व चेयरमैन कैलाश कटारे एवं सैकड़ों ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में आस्था जताई। बता दें कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है। इसी के अंतर्गत आज सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा। पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल पुंढीर, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश साहू, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राजवीर भल्ला, कौशल साहू, मनोज शर्मा, मीडिया प्रभारी केके सक्सेना, शैलेंद्र यदुवंशी, अखिलेश अग्रवाल, सतीश गुप्ता, गुंजन अग्रवाल, अशोक गौड़, राजीव अग्रवाल, राम रक्षपाल, केपी सिंह, आशुतोष लोधी, राजीव गोयल, रामभुभन अग्रवाल, शशि गुप्ता, मनोज सोलंकी, गौरव चौहान, पंकज तोमर, मनोज ठाकुर, गिरीश फौजी, प्रदीप चौहान, संजय पुंढीर मौजूद रहे।

## विद्यालय की चारदीवारी में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**जलेसर, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र जलेसर के अंतर्गत गांव लोहचा नाहरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में चारदीवारी एवं शौचालय निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है जिसके चलते कभी भी बच्चों के साथ हादसा होने का खतरा बना हुआ है। लोहचा नाहरपुर निवासी अधिवक्ता देवेंद्र पाल सिंह राजपूत ने बताया कि चारदीवारी में पीली ईंट लगाई जा रही है और सीमेंट भी मानक के अनुसार नहीं लग रहा है जिसके चलते कभी भी चारदीवारी गिर सकती है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से निर्माण कार्य में हो रही धांधली की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# बीमा की रकम दिलाने के बहाने ठग लिए 70 हजार

संवाददाता, एटा

**▸▸ किसान की मौत के बाद महिला ने मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना के तहत किया था आवेदन**

**अमृत विचार :** थाना पिलुआ क्षेत्र के एक गांव में किसान की हादसे में सितंबर 2016 में मौत हो गई थी। किसान की पत्नी ने मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन किया था। इस मामले में साइबर ठग ने किसी तरह से महिला का नंबर हासिल कर लिया और 15 लाख रुपये का चेक आने की बात कहकर अपने खाते में 70 हजार रुपये डलवाकर ठगी कर ली। पीड़िता ने ठगी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पिलुआ थाना क्षेत्र के गांव सोंगरा निवासी बबली देवी ने मोहम्मद सहरोज निवासी अलीगढ़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि 27 नवंबर 2023 की सुबह करीब 10 बजे सहरोज का कॉल आया, उसने कहा कि वह अलीगढ़ से बोल रहा है, आपके किसान बीमा योजना के 15 लाख रुपये का चेक आ गया है, आपको मुझे 70 हजार रुपये देने होंगे। उसके झांसे में आकर उन्होंने दो बार में 69 हजार 500 रुपये फोन पे के माध्यम से आरोपी के बताए खाते में डलवा दिए। खाता उरूजबानो के नाम से था। धनराशि डालने के बाद आरोपी के मोबाइल नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया तो नंबर बंद जाने लगा। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# टैबलेट तो दे दिये बिना सिम कैसे निपटाएं काम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


बीएसए कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुंचे शिक्षक। ● अमृत विचार

**▸▸ लंबित मांगों को लेकर शिक्षकों ने बीएसए को दिया ज्ञापन**

**अमृत विचार :** संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले शिक्षकों ने मंगलवार को बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन किया। शिक्षा विभाग पर जातीय उत्पीड़न का आरोप लगाया। अपनी लंबित मांगों का ज्ञापन बीएसए को सौंपा है और समस्याओं के निदान की मांग की।

संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति द्वारा बीएसए राजीव कुमार को दिए गए ज्ञापन में शिक्षकों ने मांग की है कि वर्तमान में ऑनलाइन उपस्थित एवं विद्यालय के एमडीएम तथा छात्र उपस्थित सहित सभी रजिस्टर डिजिटलाइज्ड हो गए हैं। जबकि विद्यालयों को कोई भी सरकारी सिम या डाटा उपलब्ध नहीं कराया गया है। शिक्षकों पर विभागीय दबाव बनाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर संगठन लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि विद्यालयों में उपलब्ध कराए गए टैबलेट में सरकारी सिम का प्रयोग कराया जाए तथा सरकारी सिम उपलब्ध कराई जाए। निजी आईडी पर सिम लेने का दबाव नहीं बनाया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों को लगातार परेशान किया जाता है। अगर खंड शिक्षा अधिकारी की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो संगठन धरना प्रदर्शन को बाध्य होगा। ऑनलाइन उपस्थिति में अगर किसी बालक या बालिका के फोटो के साथ कोई भी साइबर क्राइम होता है तो उसका उत्तरदायित्व विभाग का होगा। ज्ञापन देने वालों में अरविंद शर्मा, मुनेश राजपूत, शुभनेश यादव, देवेंद्र यादव, दिलीप यादव, अमित यादव, सत्यनारायण, जमीर आलम, योगेश यादव, राधा प्यारी रावत, ललितेश कुलश्रेष्ठ, विनीता कुमारी, अखंड प्रताप, जावेद, देवेंद्र कुमार, गजेंद्र सिंह, हर्ष सोलंकी, हाशिम बेग, विवेक प्रमुख हैं।

# मौसम में आई बहार, आकर्षक फूलों से हुआ धरती का श्रृंगार

**वसंत पंचमी पर विशेष**

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


कासगंज के गोहरा क्षेत्र में खड़ी सरसों की फसल वसंत ऋतु का आनंद दिलाती।

**▸▸ किसानों के चेहरे पर खुशी लेकर आती दिखाई दे रही है पंचमी**

**अमृत विचार :** सरसों के पौधों की पंखुडियों से निकले पीले फूल और उन्हें देखकर मन का बढ़ता आकर्षण वसंत का एहसास करा रहा है। धानी चुनर ओढ़े हरितमा गुलजार सुशोभित नजर आ रही है। धरती का श्रृंगार फूलों से हो गया है। वसंत पंचमी पर खेतों में लहलहाते फूलों को देखकर किसान भी खुश हैं। उन्हें बेहतर पैदावार की उम्मीद जागी है।

वातावरण सुहाना व खुशगवार लगने लगा है। खेतों में छायी हरियाली व खिले पीले फूल मनमोहक खुशबू बिखेर रहे हैं। यह देख जहां राहगीरों की नजरें ठिठक जा रही है वहीं किसान खुश होकर अच्छी पैदावार होने की उम्मीद लगाए हुए हैं। वास्तव में नदी का तटवर्ती इलाका व मैदानी भाग कुछ फसलों के मामले में बेहतर माना जाता है। जैसे यहां अरहर, मटर, चना, मसूर के साथ सरसों की अच्छी पैदावार होती है। इस बार भी किसान सरसों की खेती अपने खेतों में कर रखे हैं। जो इस समय खेतों में लहलहा रही है।

सरसों की फसल से धानी चुनर पहने हरितमा सुशोभित गुलजार दिख रही है। वहीं पौधों की पंखुड़ियों में हरी पत्तियां व उसके ऊपर खिले पीले फूल वसंत ऋतु के आगमन का अहसास करा रहे हैं। सुबह में तो उसका दृश्य और ही मनोरम हो जाता है। उगते सूर्य की किरणों के साथ सरसों के पुष्पों व टहनियों से गिरता ओस मनभावन दिखता है। इससे नदी के तटवर्ती गांवों का परिदृश्य ही बदल गया है। लग तो ऐसा रहा है कि मानों वसंत नदी के तटवर्ती इलाके में आ गया है। इस इलाके के बागों में कोयल का कूकना, चिड़ियों का चहकना व भौरों का गुनगुनाना भी शुरू हो गया है।

# ग्रामीण बंद में शामिल होगी खेत मजदूर यूनियन

**कासगंज, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश महासचिव बृजलाल भारती ने बताया कि 16 फरवरी को खेत मजदूर यूनियन ग्रामीण बंद में शामिल होगी।

ग्रामीण बंद और औद्योगिक हड़ताल का नारा संयुक्त किसान मोर्चा व कई मजदूर संगठनों ने संयुक्त रूप से दिया है। यूनियन इस आंदोलन के माध्यम से मनरेगा में साल में दो सौ दिन रोजगार व मजदूरी की दर 600 रुपये घोषित करने, प्रत्येक भूमिहीन खेत मजदूर परिवार को खेती योग्य दो एकड़ व आवास के लिए तीन सौ वर्ग मीटर भूमि आवंटित करने, मुफ्त बिजली, गरीब बच्चे को प्राइमरी से उच्च शिक्षा तक मुफ्त शिक्षा और छात्रवृति, दस किलोग्राम प्रति यूनिट राशन, पांच हजार रुपये मासिक वृद्धावस्था पेंशन की मांग की गई है। प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन पत्र भी दिया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरा माइग्रेशन सर्टिफिकेट बरेली स्टेशन से रोहिलखण्ड कॉलेज जाते समय रास्ते में कहीं गिर गयी। जिसे काफी तलाशने पर भी नहीं मिली। **ज्योति रानि पुत्री श्री मोती राम नि. 1414 भगवान नगर हापुड़ (उ.प्र.)**

**सूचना**
मैंने वर्ष 2013 में MBBS की परीक्षा रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से उत्तीर्ण की थी। मेरी मूल उपाधि रोल न0 091701 रास्ते में जाते समय वास्तव में कहीं खो गई है। जो काफी तलाशने के पश्चात भी नहीं मिली। **अभिजीत कुमार पुत्र श्री ब्रहमप्रकाश 7/12 आकलैंड रोड इलाहाबाद।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बने रंजीत

**जलेसर।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बेनीवाल के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह के द्वारा रंजीत सिंह पुत्र प्रेम मसीह निवासी जलेसर को जिला अध्यक्ष एटा के पद पर मनोनीत कर संगठन को मजबूत बनाने हेतु निर्देशित किया गया है रंजीत मसीह के जिला अध्यक्ष बनने पर अनूप सिंह नरेंद्र प्रताप सिंह धारा सिंह दीपक कुमार प्रमोद कुमार विजय कुमार विक्रम सिंह विजय और बंटू राजेश कुमार राजेंद्र कुमार राकेश चंद्र संजीव सिंह हरिओम रानी देवी शारदा देवी सुनीता देवी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### नाक, कान, गला, नेत्र जांच शिविर 18 को

**जलेसर।** नगर की समाजसेवी संस्था जगदीश नंदन शर्मा फाउंडेशन के तत्वाधान में नाक, कान, गला, नेत्र रोग के निवारण के लिए नि :शुल्क शिविर का आयोजन नाला बाजार पर 18 फरवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। संस्था की अध्यक्ष शांति देवी शर्मा एवं सचिव जितेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में आगरा के नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. तन्वी चौधरी, अलीगढ़ के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वप्निल माहेश्वरी एवं डॉ. सौरव चौधरी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. वर्षा गौतम आगरा होंगी।

### सरकारी बीज गोदाम की भूमि पर कब्जे का आरोप

**जलेसर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गांव मकसूदपुर में सरकारी बीज गोदाम की खाली पड़ी भूमि पर गांव के दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत प्रधान पति ने शिकायत उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया की। उन्होंने जांच कर कब्जा हटाए जाने के निर्देश दिए। प्रधान पति इफरा काली द्वारा दिए शिकायत की पत्र में कहा कि गांव के दबंगों के द्वारा बीज गोदाम की खाली पड़ी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है जिसके संबंध में शिकायतों के उपरांत उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया के द्वारा जांच कर तत्काल भूमि खाली कराए जाने के निर्देश संबंधित राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को दिए।

# प्रवेश पत्र लेने गया 10वीं का छात्र लापता

संवाददाता, अलीगंज

**अमृत विचार:** थाना अलीगंज क्षेत्र में प्रवेश पत्र लेने गया हाईस्कूल का छात्र लापता हो गया। काफी तलाश करने पर भी छात्र का पता नहीं लगा। छात्र के लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। छात्र के नहीं मिलने से परिजन परेशान हैं।

अलीगंज के लोहारी दरवाजा मोहल्ला निवासी आशीष यादव पुत्र श्याम सिंह पीडीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हाईस्कूल का छात्र है। मंगलवार दोपहर करीब 12:00 बजे वह प्रवेश पत्र लेने के लिए स्कूल जाने की बात कहकर घर से गया था। जब वह काफी देर तक वापस घर नहीं पहुंचा तो उसकी मां रीता यादव ने स्कूल जाकर पता किया। स्कूल में अध्यापकों ने बताया कि आशीष स्कूल पहुंचा ही नहीं है। परिजनों ने इसकी सूचना थाना अलीगंज में दी। पुलिस ने स्कूल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया, लेकिन छात्र का पता नहीं लगा। थाना प्रभारी अरुण पवार ने बताया कि छात्र की तलाश की जा रही है।

**वेलेंटाइन डे आज : मंगलवार को बाजार में गिफ्ट्स और फूलों की मांग अधिक रही**

# प्यार के परिंदे आज करेंगे इजहार, मनाएंगे वेलेंटाइन डे

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सात फरवरी को रोज डे के साथ शुरू हुआ वैलेंटाइन वीक आज बुधवार को वेलेंटाइन डे के साथ समाप्त हो जाएगा। जिसे लेकर युवा वर्ग में उत्साह नजर आ रहा है। इस बार भी वैलेंटाइन डे पर इजहार-ए-मोहब्बत के लिये अधिकांश युवाओं को संचार क्रान्ति ही साथ देती ही नजर आएगी। इसके साथ ही विरोध के स्वर भी नजर आने को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्थायें कड़ी करने की तैयारी की है।



वेलेंटाइन डे को लेकर बाजार में बिक्री के लिए रखे फूल। ● अमृत विचार

वेलेंटाइन वीक में वेलेंटाइन डे को ही युवा अधिक महत्व देते हैं। युवाओं ने वैलेंटाइन-डे मनाने के लिए पूरी तैयारियां की हैं। परिजनों का पहरा भी उन्हें शायद ही उन्हें प्यार का इजहार करने से रोक पाए, क्योंकि इंटरनेट के माध्यम से बखूबी दो दिल चोरी-छिपे मिल रहे हैं। पूरे सप्ताह प्यार का इजहार नए-नए तरीकों से होता रहा। इजहार के लिए संचार क्रान्ति सबसे अधिक काम आई। जहां एक ओर युवा वैलेंटाइन-डे को लेकर उत्साहित हैं वहीं हिन्दूवादी पश्चिमी सभ्यता के प्रतीक वैलेंटाइन-डे का विरोध करेंगे। पुलिस प्रशासन ने भी इस दिन शांति व्यवस्था के उद्देश्य से शहरी व कस्बाई क्षेत्रों में पुलिस की मुस्तैदी के साथ ही निगरानी को पेट्रोलिंग टीमों की व्यवस्था की है। इधर तमाम प्रेमी युगलों ने प्यार के इजहार के साथ ही उत्साह के साथ इस दिवस को मनाने की तैयारी की है। वहीं कुछ प्रेमी प्रेमिका ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने परिजनों को दांपत्य जीवन के लिए राजी कर लिया है और वे इस दिन शादी करेंगे।

**कई प्रेमी युगलों ने वेलेंटाइन डे पर दांपत्य जीवन में बनने की बनाई है योजना**

### हग-डे को किया सेलीब्रेट

जिंदगी रहे या फिर मौत हो नसीब, मेरे तो दोनों जहां तेरी बाहों में हैं..।'' कुछ इसी अंदाज में प्यार के पंछियों ने हग-डे की खुशियों को सेलीब्रेट किया। इसके साथ ही युवा वेलेंटाइन-डे की तैयारियों में जुट गये। बाजार में युवा एवं युवतियां अपने साथी के लिए गिफ्ट खरीदते नजर आए। उन्हें बस इंतजार था तो सिर्फ इजहार-ए-मुहब्बत का।

# गंदगी से उठ रही दुर्गंध, निकलना दूभर

## गंदगी से संक्रामक रोगों का बढ़ रहा है खतरा, सफाईकर्मी नहीं आने से ग्रामीणों में रोष

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कासगंज विकास खंड का गांव मामों विकास से अछूता है। यह गांव ब्लॉक का प्रमुख गांव है। विकास न होने से ग्रामीण अव्यवस्थाओं के बीच रह रहे हैं। जल निकासी का साधन नहीं है। गंदगी और कूड़े के ढेर से आती दुर्गंध से जीना दूभर है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर आता है। इसके चलते ग्रामीण परेशान हैं। कोई सुनने को तैयार नहीं है।

गांव मामों के समीप ही न्यायालय बना हुआ है। जिला न्यायालय में प्रतिदिन हजारों फरियादी पहुंचते हैं। वादी अपना पक्ष रखते हैं लेकिन पास ही यहां अव्यवस्था का आलम है। यहां के लोग गांव के विकास की राह देख रहे हैं। जल निकासी का साधन नहीं हैं। नालियां टूटी हुई हैं और नालियों को गंदा पानी सड़कों पर आता है। जगह-जगह कूड़े और घूरे के ढेर लगे हैं। सफाई कर्मचारी कभी-कभी यहां आता है और आधी अधूरी सफाई कर चला जाता है। यहां के लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिला है।



गांव मामों में नालियों का निर्माण न होने के कारण सड़क किनारे पानी में दिखाई देती कीचड़।

**पंचायत राज विभाग नहीं दे रहा है गांव मामों की ओर कोई ध्यान**



ग्रामीणों की मुख्य समस्या गांव की गंदगी है। गांव की प्रमुख समस्या गंदगी है। सफाई कर्मचारी के यहां न आने से गांव में सफाई नहीं हो पाती है। गांव को विकास की भी दरकार है।

**– अमन चौहान, ग्रामीण**



गांव में मुख्य सड़क पर जल भराव है। गंदगी है। पानी निकासी का कोई रास्ता नहीं है। संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ रहा है। काफी चिंता सता रही है।

**– शुभम, ग्रामीण**



ग्राम पंचायत में कुछ सड़कें इंटरलाकिंग बनवाई गई हैं। विकास कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन उसके बावजूद भी नालियों की कोई खास व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे ग्रामीण परेशान है।

**–चंद्रवती, ग्रामीण**



गांव में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। नालियां गंदगी से लबालब हैं। पात्रों को कई योजना का भी लाभ नहीं मिला है। कई बार आदेवन कर चुके हैं। गांव की दिशा भी सुधरे।

**– रामेश्वर, ग्रामीण**

गांव मामों में हाल दिखवाएंगे। यदि गांव में सफाई कर्मचारी न पहुंचने की शिकायत है तो कर्मचारी को चेतावनी दी जाएगी। यदि जरूरत पड़ी तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**– देवेंद्र सिंह, डीपीआरओ**

### वीके जैन कॉलेज में हुआ स्मार्टफोन का वितरण

**कासगंज, अमृत विचार :** शहर के वीके जैन कॉलेज महाविद्यालय में विद्यार्थियों को टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण किया गया। बीकॉम प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर में जिले तथा महाविद्यालय का नाम मेरिट लिस्ट में दर्ज करा कर जनपद तथा महाविद्यालय में गौरवान्वित करने पर कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विनय कुमार जैन सचिव, उप सचिव यश जैन, कुमारी नवधा जैन, प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता, डॉ संजय सिन्हा द्वारा मां शारदे की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं मालार्पण कर किया। कार्यक्रम संचालक अंजली शर्मा ने किया। कार्यक्रम को यश जैन, प्राचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता भी संबोधित किया। बीएड, डीएलएड तथा बीकॉम के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एसजीएम स्कूल का वार्षिकोत्सव 16 को

**सोरोंजी।** तीर्थनगरी के चंदन चौक स्थित एसजीएम जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव 16 फरवरी को मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव दोपहर दो बजे से हरि की पौड़ी स्थित पर्यटक आवास गृह में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्रबंधक श्रीभगवान उपाध्याय ने दी है। उन्होंने सभी अभिभावकों से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

# लोस चुनाव की तैयारी को सांसद ने किया गांव में प्रवास



गांव खुशहाली में सरकार की योजनाएं गिनाते सांसद राजवीर सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी में अलग ही तैयारियां चल रही हैं। जहां एक ओर सांसद, विधायक और भाजपा नेता हर घर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं वहीं जनप्रतिनिधि गांव-गांव में डेरा जमा रहे हैं। सांसद ने सोमवार की रात पटियाली के गांव खुशहाली में रात्रि प्रवास किया। उनके साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष और अन्य नेता भी रहे।

रात्रि प्रवास से पहले सांसद राजवीर सिंह ने गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों से कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान सबके हित में कार्य कर रही है। सांसद ने कहा कि इस तरह से प्रवास करने से प्रेम बढ़ता है। जब आपसी भाईचारा बढ़ेगा तो देश का उत्थान होगा। गांव गरीब और किसान का विकास होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी एवं भाजपा नेता डीएस पाल भी रात्रि प्रवास में शामिल रहे। प्रो. नीरज शर्मा, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की।

**गांव चलो अभियान के तहत गांव-गांव पहुंच सरकार की योजनाएं गिना रहे जनप्रतिनिधि**

# छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारना जरूरी



हरी झंडी दिखाकर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता शुरू करातीं पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमकुम वार्ष्णेय व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** सांसद महाकुंभ खेल महोत्सव की मंडलीय प्रतियोगिता का आयोजन श्री गणेश इंटर कॉलेज कासगंज के प्रांगण में हुआ। दो दिवसीय मंडलीय खेल प्रतियोगिता में अतिथियों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य कामना की। बालक वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता हुई। इसके अलावा ऊंची कूद, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताएं हुईं।

प्रतियोगिता का आरंभ सांसद एटा-कासगंज लोकसभा क्षेत्र राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया, पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी, विधायक सदर देवेंद्र सिंह राजपूत, विधायक अमांपुर हरिओम वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा केपी सिंह सोलंकी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भाजपा कुमकुम वार्ष्णेय ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांसद ने कहा खेल से स्वास्थ्य अच्छा होता है। साथ ही व्यक्तित्व का विकास भी होता है। खेलों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए, इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक पांडे द्वारा किया गया। पीटीआई राजेंद्र सिंह, समीक्षा सिंह एवं उमादत्त मौर्य द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाई गई। इस अवसर पर सीडीओ सचिन, एडीएम राकेश कुमार पटेल, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य, जिला समन्वयक विज्ञान क्लब डॉ जयंत कुमार गुप्ता , प्रधानाचार्य हरि प्रकाश नारायण दुबे , सांसद प्रतिनिधि डीएस लोधी, विनीत भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# दर्जन भर ग्राम प्रधानों के साथ कार्यकर्ता हुए भाजपाई

**जलेसर, अमृत विचार :** विधायक संजीव दिवाकर की अगुवाई में नगर के एक स्कूल में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में दर्जन भर ग्राम प्रधानों के साथ 350 सपा-बसपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

विधायक का कहना है कि दर्जन भर से अधिक ग्राम प्रधान भाजपा के कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए सपा बसपा छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर विकास की मुख्य धारा में आए हैं। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह यादव रेजुआ, रोहित यादव अवागढ़ देहात, रामनिवास यादव वीर नगर, वीरपाल यादव, अजीत सिंह जाटव गणेशरा, सत्य प्रताप जाटव उडेरी, सुनीता देवी जलूखेड़ा, सुभाष चंद्र प्रसाद शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पम्मी ठाकुर, पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्यपाल सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज बजरंगी, जिला कोषाध्यक्ष शैलेश गौतम, दिलीप वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, सकरौली मंडल अध्यक्ष नरेश पाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार के विरोध में भाकियू ने सौंपा ज्ञापन



खंड विकास अधिकारी दिव्या सिकरवार को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता।

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचार :-** भारतीय किसान यूनियन किसान ने विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव बेरनी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी दिव्या सिकरवार को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन किसान के प्रदेश महासचिव प्रत्येंद्र साह सिसोदिया ने बताया कि ग्राम पंचायत बेरनी में बीते वर्ष में हैंड पंपों की रिपेयरिंग नहीं हुई और इंटरलॉकिंग कार्य में मानकों को पूरी तरह से अनदेखा किया गया। वहीं मनरेगा में कोई कार्य नहीं हुआ लेकिन मजदूरों के नाम पर जमकर धनराशि निकाली गई। इस संबंध में दर्जनों बार शिकायतें की गईं इसके उपरांत भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। एक सप्ताह के अंदर जांच कर कड़ी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो जिला विकास अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में एसपी सिंह कुशवाहा, भारत सिंह, शिवम सागर, रविंद्र सिंह सागर आदि प्रमुख थे।

**खंड विकास अधिकारी से की कार्रवाई की मांग**

# विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं को भाजपा से जोड़ने का अभियान जारी

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनावों से पूर्व लोगों को भाजपा से जोड़ने के प्रयासों में तेजी कर दी है। विधानसभा मिलन समारोह के तहत प्रमुख लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई जा रही है। आगरा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में मलपुरा थाना क्षेत्र के ककुआ स्थित वरुण गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या ने दीप प्रज्वलित कर आरंभ किया।

इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडल अध्यक्षों के सहयोग से दूसरे दलों से जुड़े प्रधान, बीडीसी समेत सामाजिक संगठनों के सैकड़ों लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। कैबिनेट मंत्री ने सभी का पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां सदैव जनहित में रही हैं। दूसरे दलों में जहां परिवारवाद को बढ़ावा मिलता है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा में कार्यकर्ता को प्राथमिकता मिलती है। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का दर्जा रखने वाली भाजपा आज सिर्फ कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के बलबूते इस मुकाम पर पहुंची है।



विधानसभा मिलन समारोह में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य व अन्य। ● अमृत विचार

**वरुण गार्डन में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य ने दिलाई सदस्यता**

# विश्वविद्यालय ने छात्र-छात्राओं को दिया एक और मौका

**आगरा, अमृत विचार:** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल और वायवा देने का एक और मौका दिया है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। बैक पेपर और स्पेशल एग्जाम की तिथि भी घोषित कर दी गई है।
2023 स्नातक तृतीय वर्ष, परास्नातक अंतिम वर्ष, एलएलबी प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष, बीएएलएलबी तृतीय, चतुर्थ व पंचम वर्ष, बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के जिन छात्रों के प्रेक्टिकल व वायवा एग्जाम छूट गए थे। उनके लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को 11 फरवरी से बढ़ाकर 19 फरवरी तक दिया गया है। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 1000 रुपये की फीस ऑनलाइन जमा कर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश के द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार 2023 वार्षिक परीक्षा के स्नातक तृतीय वर्ष, परास्नातक अंतिम वर्ष, एलएलबी प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष, बीएएलएलबी प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम वर्ष और बीएड प्रथम, द्वितीय वर्ष के बैक पेपर के फॉर्म 25 फरवरी तक भरे जाएंगे। मथुरा के किशोरी रमण महाविद्यालय के बीएड के एग्जाम के फॉर्म भी भरे जाएंगे।

# आगरा कैंट जीआरपी ने पकड़े तीन गांजा तस्कर



जीआरपी की हिरासत में तस्कर। ● अमृत विचार

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार:** जीआरपी आगरा कैंट को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जीआरपी आगरा कैंट ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है। जीआरपी आगरा कैंट ने गांजा तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई को अंजाम दिया और उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

जीआरपी आगरा कैंट को मुखबिर खास से सूचना मिली कि तीन लोग चलती ट्रेन से ईदगाह रेलवे पुल के नीचे उतरे हैं। उनके पास भारी मात्रा में गांजा है।जीआरपी आगरा कैंट प्रभारी ने तुरंत आगरा कैंट पर चेकिंग में लगी टीम को निर्देशित किया। जीआरपी और आरपीएफ टीम तुरंत एक्टिव हुई और मुखबिर के बताए स्थान की घेराबंदी की और तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ा लिया। उनके पास तीन बड़े बैग थे। जीआरपी ने तीनों बैगों की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। सीओ जीआरपी नजमुल हक नकवी ने बताया कि बरामद गांजा 22 किलो से ज्यादा है। गांजा तस्कर इस गंजे की सप्लाई अलीगढ़ में करने वाले थे। तीनों तस्करों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है।

**ईदगाह रेलवे पुल के पास ट्रेन से उतरे तस्करों से 22 किग्रा गांजा बरामद**

# ताजमहल पर पर्यटकों की सुरक्षा की दिलाई शपथ

**आगरा, अमृत विचार:** पर्यटकों को बेहतर वातावरण स्मारक दीदार के लिए मंगलवार से पर्यटक सुरक्षा अभियान को शुरुआत की गई है। ताज नगरी के दशहरा घाट पर ताजमहल के साए में गाइड और दुकानदारों को पर्यटकों के साथ अच्छा व्यवहार करने को शपथ दिलाई गई। ताज सुरक्षा एसीपी अरीब अहमद और पर्यटन थाना प्रभारी नीलम राणा ने सभी दुकानदारों और गाइड्स को हिदायत देते हुए कहा कि पर्यटक से दुर्व्यवहार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ताजनगरी में पर्यटकों का अतिथि देवो भवः के साथ इस्तकबाल किया जाए। ताजमहल के दशहरा घाट पर गाइड और दुकानदारों को शपथ दिलाई।

**पुलवामा हमला** पुलवामा हमले की पांचवीं वर्षी पर वीरों को हर कोई करेगा याद

# भुलाया नहीं जा सकता देश के वीर सपूतों का बलिदान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** शहीदों की चिंताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशां होगा। कुछ इसी तरह की यादें आज ताजा हो जाएंगी। वर्ष 2019 में पुलवामा में आतंकियों के हमले में शहीद हुए जवानों की पांचवीं वर्षी आज है। इसको लेकर हर कोई सपूतों को याद कर रहा है। देश प्रेमियों का कहना है कि देश के लिए वीर सपूतों का बलिदार हमेशा याद रहेगा।

वर्ष 2019 में जम्मू कमश्मीर के पुलवामा में आतंकियों ने सीआरपीएफ के काफिले पर हमला कर दिया था। जिसमें 40 से ज्यादा जवान शहीद हुए थे। उस समय पूरा देश रोया और पाकिस्तान के विरुद्ध आक्रोश भड़का, हालांकि सरकार ने बदला भी लिया, लेकिन जवानों को वापस नहीं लाया जा सकता था। अब शहीदों की शहादत याद आ रही है। लोग पुलवामा हमले की वर्षी पर शहीदों को याद करेंगे।

**देश के प्रेमी बोले शहीदों ने देश की खातिर दे दी थी जान**



देश के लिए सैनिक और अर्द्धसैनिक सदैव तत्पर्य रहते हैं। उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। पुलवामा हमला पूरे देश को झकझोर ने वाला रहा। आज पांचवी वर्षी पर हमले के शहीदों की याद आ रही है।

**– राजू आर्य, एटा**



यह बड़े ही दुख का विषय है कि आतंकियों ने सीआरपीएफ के जवानों को शहीद कर दिया, लेकिन गर्व इस बात का है कि भारत की सेना ने अपने जवानों की मौत का बदला लिया। हम शहीदों को सलाम करते हैं।

**– स्वागत पचौरी, एटा**



पुलवामा हमला एक बड़ी साजिश थी। उस समय लोगों ने राजनीति भी की, लेकिन हमें शहीदों की शहादत पर राजनीति नहीं करनी चाहिए और शहीदों की याद में सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए।

**– डा. मनोज शर्मा, कासगंज**



यह हमला मन को बेहद कष्ट पहुंचाने वाला था। इस हमले में सीआरपीएफ के जवानों ने जान गवां दी। सरकार ने भले ही बदला ले लिया, लेकिन इस हमले में शहीद हुए शहीदों की शहादत को भुलाया कहां जा सकता है।

**– कबीर प्रताप सिंह , कासगंज**

